Need to curb drug menace in Bihar-Laid

श्री राजेश वर्मा **(खगड़िया) :** मैं सरकार का ध्यान बिहार में तेजी से बढ़ रहे ब्राउन शुगर और अन्य मादक पदार्थों के उपयोग की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।यह मुद्दा न केवल हमारे युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य को बर्बाद कर रहा है,बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है । बिहार में शराबबंदी के बावजूद, मादक पदार्थों का अवैध कारोबार तेजी से फैल रहा है ।ब्राउन शुगर और अन्य ड्रग्स का उपयोग युवाओं में बढ़ रहा है,जिससे अपराध दर में भी वृद्धि हो रही है ।यह नशे का कारोबार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़े नेटवर्क के माध्यम से संचालित हो रहा है,जिसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है ।केंद्रीय सरकार से मेरा आग्रह है कि बिहार में इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं ।नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) और अन्य संबंधित एजेंसियों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ।सीमावर्ती इलाकों में तस्करी को रोकने के लिए सख्त निगरानी और विशेष टास्क फोर्स गठित की जानी चाहिए ।इसके साथ ही, युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, काउंसलिंग और पुनर्वास केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए ।मैं सरकार से अपील करता हूं कि बिहार को इस गंभीर संकट से बचाने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं ।